# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर


**'कोविड-19 से बचाव के उपाय एवं ताला बंदी के समय स्वास्थ्य प्रबंधन'**

**13-04-2020**

आज जब पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है। दुनिया की सभी सरकारे इस महामारी को रोकने में प्रत्यनशील है, वैज्ञानिक समस्या के समाधान में लगे है । प्रथम पंक्ति के योद्धा डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ कोरोना मरीजों के इलाज में व्यस्त हैं । ऐसे समय मे अपनीजिम्मेदारियों का निर्वाहन करते हुएराजकीय महिला महाविद्यालय गाजीपुर के शारिरिक शिक्षा विभाग ने 'कोविड-19 से



बचाव के उपाय एवं ताला बंदी के समय स्वास्थ्य प्रवंधन' विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनारका आयोजन किया । इसके मुख्य अतिथीलक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ जितेंद्र सिंह नरुका ने किया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के निदेशक डॉ वंदना शर्मा ने किया।
विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त निदेशक डॉ एच् पी सिंह, डॉ राजीव पाण्डे तथा सहायक निदेशक डॉ बी एल शर्मा रहे ।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी श्री निशांत कुमार एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी श्री कुलवंत सिंह ड्राल उपस्थित रहे । महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सविता भारद्वाज ने सभी अतिथियों एवं विश्व के कोने कोने से उपस्थित समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा की इस महामारी से निजात पाने के लिये वेबीनार में प्रस्तुत शोध पत्रों का निचोड़ शासन को भेजा जाएगा।
अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र सिंह नरुका ने वर्तमान परिपेक्ष्य में वेबिनार के विषय को प्रासंगिक बताया तथा सरकार के बनाये नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया । संयुक्त निदेशक डॉ एच पी सिंह ने कहा कि भारत मे कोरोना का संकट ज्यादा नही फैला है जिसमे वर्तमान तालाबंदी का महत्वपूर्ण योगदान है ।
इस वेबिनार में देश एवं विदेश से 50 से ज्यादा प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया एवं कुल 37 पेपर पढे गए।




इस वेबिनार में देश एवं विदेश से 50 से ज्यादा प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया एवं कुल 37 पेपर पढे गए। विदेशी प्रतिभागियों में श्री रणवीर रौशन, जो एक शॉफ्टवेयर डेवलपर है,ने अमेरिका के न्यू जर्सी से अमरीका में प्रयोग किए जा रहे बचाव के उपाय पर प्रकाश डाला। कनाडा के डॉ समीर एल्विन ने तनाव प्रवंधन , मॉरिसस के डॉ आनंद ने मॉरिसस के वर्तमान स्थिति तथा श्रीलंका के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ सुरेस ने कोविड 19 से बचने के आसन एवं व्यायाम पर चर्चा की । LNIPE के डॉ जोसेफ सिंह ने तालाबंदी के दौरान शारिरिक क्रिया करते रहने से तनाव से छुटकारा पाया जा सकता है। राजस्थान की रीना पुनिया ने कोरोना एवं जीवन पद्धति पर अपना मत रखा पश्चिम बंगाल के निमाई चंद साह ने बंदी के दौरान अकादमिक क्रिया कैसे चालू रखा जाए ।,



# कोरोना महामारी रोकने में लॉकडाउन का महत्वपूर्ण योगदान

जासं, गाजीपुर : आज जब पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है। दुनिया की सभी सरकारें इस महामारी को रोकने में प्रत्यनशील है। वैज्ञानिक समस्या के समाधान में लगे हैं। ऐसे समय में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने 'कोविड-19 से बचाव के उपाय एवं लॉकडाउन के समय स्वास्थ्य प्रबंधन' विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार : ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. जितेन्द्र सिंह नरूका ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वेबिनार के विषय को प्रासंगिक बताया तथा सरकार के बनाए नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त निदेशक डा. एचपी सिंह ने कहा कि इस समय लॉकडाउन का महत्वपूर्ण योगदान है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा. शिवकुमार ने बताया कि इस वेबिनार में देश एवं विदेश से 50 से ज्यादा प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कुल 37 पेपर पढ़े गए। कनाडा के डा. समीर एल्विन ने तनाव प्रबंधन, मॉरिसस के डॉ आनंद ने मॉरिसस के वर्तमान स्थिति तथा श्रीलंका के फिजियोथेरेपिस्ट डा. सुरेश ने कोविड-19 से बचने के आसन एवं व्यायाम पर चर्चा की। राजस्थान की रीना पुनिया ने कोरोना एवं जीवन पद्धति पर अपना मत रखा। पश्चिम बंगाल के निमाई चंद साह ने बंदी के दौरान अकादमिक क्रिया कैसे चालू रखा जाए इस पर प्रकाश डाला। छत्तीसगढ़ के डा. संजीत सरदार ने शिक्षण संस्थानों में कोरोना से बचने के उपाय व राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ दीप्ति सिंह ने संगीत का महत्व को बताया। डा. शिव कुमार ने तालाबंदी के दौरान आवश्यक मानसिक तैयारी, डा. विकास सिंह ने महामारियों का ऐतिहासिक पक्ष, डा. कामिनी वर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन पर प्रकाश डाला। दिल्ली, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश एवं बिहार के भी प्रतिभागियों ने अपने शोधपत्र पढ़े। आधार वक्तव्य समन्वयक एवं शरीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष डा. शम्भू शरण प्रसाद ने दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सविता भारद्वाज ने जीवन प्रबंधन पर अपनी बात पर अपनी बात रखी। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के निदेशक डॉ वंदना शर्मा ने की। संयुक्त निदेशक डा. एचपी सिंह, डा. राजीव पांडे तथा सहायक निदेशक डॉ बी एल शर्मा रहे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी निशांत कुमार व पूर्व अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी कुलवंत सिंह ड्राल थे।

## सील किए गए इलाके में पुलिस की सख्ती

जागरण | 5 अप्रैल 2020 p. 4.

जासं, दिलदारनगर (गाजीपुर) : जमातियों के संपर्क में आए मस्जिद के मौलवी और ऑटो चालक की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद जिला प्रशासन की ओर से नगर सहित चिउटहां और अरंगी गांव के चह्नित हॉटस्पॉट एरिया को सील कराने के बाद पुलिस का कड़ा पहरा हो गया है। नगर के जामा, मदीना और चिउटहां के मरकजी तथा अरंगी गांव स्थित मस्जिद एरिया को हॉटस्पॉट मानकर सील किया गया है।

दिलदारनगर में जामा मस्जिद रोड पर बैरियर के पास खड़े पुलिसकर्मी • जागरण

स्थिति यह है कि इन एरिया से न तो किसी को निकलने दिया जा रहा है और न ही अंदर आने दिया जा रहा है। पुलिस कर्मियों ने सील एरिया में पैदल मार्च कर सख्त लहजे में कहा कि सील क्षेत्र में बाहर न घूमें। उधर, लॉकडाउन को लेकर भी चौकसी रही। पुलिस की सायरन बजाती गाड़ियां सड़कों पर दौड़ती रहीं। थाना निरीक्षक दिलीप सिंह और वरिष्ठ उपनिरीक्षक इंद्रकांत मिश्रा ने दलबल के साथ सील इलाके में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। लोगों को चेताया कि कोई भी घर से बाहर निकला तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस-प्रशासन ने सील इलाके में आवश्यक वस्तुएं सप्लाई का इंतजाम किया है। पूरे क्षेत्र में आवाजाही बंद होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

## कोरोना योद्धाओं का किया गया स्वागत

कोरोना योद्धा

जासं, जमानियां (गाजीपुर) : कोरोना संक्रमण को लेकर हुए लॉकडाउन में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली से नगरवासी पूरी तरह प्रभावित हैं। नगर के कस्बा एवं स्टेशन बाजार में मंगलवार को दलबल से साथ पैदल भ्रमण कर निकले कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह का नगरवासियों ने माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

पुलिस टीम व स्वास्थ्य विभाग की मौजूदगी में लाउडस्पीकर द्वारा लोगों को घर से बाहर न निकलने व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया गया। कोतवाल राजीव सिंह ने कहा कि लॉकडाउन का पालन करना सभी का दायित्व है। नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध दंडात्मक कारवाई की जाएगी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. रूद्रकांत सिंह, चौकी प्रभारी रेलवे स्टेशन अनिल कुमार पांडेय, चौकी प्रभारी देवरिया राजीव कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मंशाराम गुप्ता, उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, उप निरीक्षक संतोष कुमार आदि थे।

छत्तीसगढ़ के डॉ संजीत सरदार ने शिक्षण संस्थानों में कोरोना से बचने के उपाय , राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ शिव कुमार ने तालाबंदी के दौरान मानशिक स्वास्थ्य को किस तरह बनाये रखा जाये तथा डॉ विकास सिंह ने महामारियों का ऐतिहासिक पक्ष पर प्रकाश डाला । दिल्ली, हरियाणा, अरूणाचल प्रदेश एवं बिहार के भी प्रतिभागियों ने अपने शोधपत्र पढ़े।आधार वक्तव्य कार्यक्रम के समन्वयक एवंशरीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ शम्भू शरण प्रसाद ने दिया । कार्यक्रम कल दिनांक 13/04/2020 को दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर रात लगभग 8 बजे तक चला ।

संयोजक | प्राचार्य
डॉ शम्भू शरण प्रसाद | प्रो. (डॉ) सविता भारद्वाज

[illegible] राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय [illegible]-233001